दि० 09/01/23 को NIT - 09/SBD/2022 - 23 के ग्रुप संख्या 07 के सम्बन्ध में प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की कार्यवाही :-

1. **उपस्थिति :-**

i.	श्री अनुराधा चन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता, कार्य अंचल - 02	-	अध्यक्ष
ii.	श्री नवलेश कुमार, कार्यपालक अभियन्ता, मुजफ्फरपुर प्रमंडल	-	सदस्य
iii.	श्री रितेश आनंद, वित्त सलाहकार, मुख्यालय, पटना	-	सदस्य
iv.	श्री देवेन्द्र कुमार सिंह, सहायक अभियंता, कार्य अंचल - 02	-	सदस्य

2. **प्राप्त परिवाद :-**

दि० 13.12.2022 को संपन्न निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की कार्यवाही को निगम के वेबसाइट पर अपलोड कर निविदाकारों को दि० 19.12.2022 तक अपनी निविदा के सम्बन्ध में दावा / आपत्ति दर्ज कराने हेतु इ मेल से संसूचित किया गया था। समिति के निर्णय के आलोक में दि० 19.12.2022 तक तीन असफल निविदाकारों द्वारा परिवाद समर्पित किया गया जो निम्नवत हैं -

i. Baban Kumar Singh ii. SAB Construction iii. Subhadra Enterprises

3. **समिति की कार्यवाही एवं निर्णय :-**

उपरोक्त तीनों निविदाकारों द्वारा दायर परिवादों पर समिति द्वारा सम्यक विचार किया गया जिसका विवरण निम्नवत है -

i. **Baban Kumar Singh** - NIT की कंडिका 41 के अनुसार दिए गए शपथ पत्र को न तो अपलोड करने न ही मूल में समर्पित करने के कारण इन्हें असफल घोषित किया गया है।

अपने परिवाद में इन्होने Bid opening and evaluation under SBD की कंडिका 24.1 एवं 24.2 का हवाला दिया है परंतु वांछित शपथ पत्र समर्पित नहीं किया है।

उपरोक्त कंडिकाओं के सम्बन्ध में समिति का मानना है कि Online प्रणाली से प्राप्त निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन में बिडर को उपस्थित रखना Mandatory प्रावधान नहीं है तथा वर्तमान प्रणाली के अंतर्गत तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् बिडर्स को अपना पक्ष रखने हेतु हेतु विहित प्रक्रिया स्थापित की गयी है।

अतः इनके सम्बन्ध में समिति का निर्णय यथावत् है।

ii. **SAB Construction** - इनके द्वारा विगत पाँच वर्षों में से किसी भी वर्ष का Tax Audit Report समर्पित नहीं किये जाने के कारण SBD की कण्डिका ITB Cl. 4.5 (A)(a) एवं NIT की कंडिका 34 के आलोक में असफल किया गया है।

प्राप्त परिवाद के आलोक में इनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं ऑनलाइन कॉपी की पुनः जांच की गयी परंतु वांछित कागजात नहीं पाए गए।

अतः इनके सम्बन्ध में समिति का निर्णय यथावत् है।

iii. **Subhadra Enterprises** - इन्हें Experience in terms of quantity/amount समर्पित नहीं करने एवं स्वयं के plants & Equipments पाँच वर्षों से ज्यादा पुराने होने तथा hire करने का उभयपक्ष का सिर्फ शपथ पत्र देने परंतु hirer का receipt अपलोड नहीं करने के कारण SBD की कंडिका ITB Cl. 4.5 (A)(c) एवं ITB Cl. 4.5 (B)(a) के आलोक में असफल घोषित किया गया है।

अपने परिवाद में इन्होने समिति के निर्णय को माना है तथा नियमानुसार Clarification & Modification स्वीकार करने का आग्रह किया है।

2023/1/17 15:15

SBD पर आधारित निविदाओं के तकनीकी बीड के निष्पादन हेतु Eligibility Criteria के सम्बन्ध में पथ निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक 6158(S) दि० 09.07.2014 के अनुसार उपरोक्त दोनों बिंदु द्वितीय प्रक्रम में सम्मिलित हैं जिनमे संवेदकों से Clarification & Modification प्राप्त किया जा सकेगा ।

प्राप्त परिवाद के आलोक में इनके द्वारा समर्पित कागजातों की पुनः जांच की गयी एवं पाया गया कि इनके द्वारा समर्पित स्वयं के plants & Equipments में से वांछित उपकरणों के खरीद की तारीख दि० 12.03.2017 है जबकि निविदा आमंत्रण की तिथि दि० 07.06.2022 है । इसके साथ साथ इन्होने आवश्यक उपकरण hire करने का उभयपक्ष का शपथपत्र भी अपलोड किया है परिवाद में समर्पित एवं hirer का receipt निविदा की तिथि से पूर्व का है ।

सम्यक विचारोपरांत समिति का मानना है कि निविदाकार के Base paper निविदा के साथ अपलोड किये गए हैं तथा परिवाद में समर्पित सभी कागजात निविदा प्राप्ति की तिथि से पूर्व के हैं अतः इनका Clarification & Modification मान्य है एवं Subhadra Enterprises तकनीकी मूल्यांकन में सफल घोषित किये जाते हैं ।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा दि० 13.12.2022 को लिए गए निर्णय को अवक्रमित करते हुए तीन निविदाकारों यथा Ganga Enterprises, Mehendiya Construction Pvt. Ltd. एवं Subhadra Enterprises को सफल घोषित किया जाता है एवं इनकी निविदा पर अग्रतर निर्णय लिया जा सकता है ।

सहायक अभियन्ता कार्य अंचल - 2	कार्यपालक अभियन्ता मुजफ्फरपुर प्रमंडल	वित्त सलाहकार मुख्यालय, पटना	अधीक्षण अभियन्ता कार्य अंचल - 2

2023/1/17 15:15